# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 16 जून 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान में किसकी अध्यक्षता में राज्य विकास समन्वय निगरानी समिति – दिशा का गठन किया गया है?**

(a) मदन दिलावर

(b) दीया कुमारी

(c) भजनलाल शर्मा

(d) इनमें से कोई नही

◆भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान में राज्य विकास समन्वय निगरानी समिति – दिशा का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि ग्रामीण विकास मंत्री सह-अध्यक्ष और ग्रामीण विकास सचिव सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

◆दिशा समिति उनतीस विभागों की 89 योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। इन योजनाओं में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं।

◆ग्रामीण विकास विभाग इस समिति का प्रशासनिक विभाग होगा।

**01. हाल ही में राजस्थान में किस जिले के अभिजीत गुप्ता ने चौथी दिल्ली ग्रैंडमास्टर ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीता है?**

**(A) भीलवाड़ा**

**(B) जोधपुर**

**(C) बीकानेर**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

♦ भीलवाड़ा के अभिजीत गुप्ता ने एक बार फिर दिल्ली ग्रैंडमास्टर ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। यह उनका चौथा खिताब है।

♦उल्लेखनीय है कि राजस्थान से अभिजीत गुप्ता अभी तक शतरंज के अकेले ग्रैंडमास्टर हैं।

♦इससे पहले अभिजीत ने 2008, 2014, 2020 में भी दिल्ली जीएम ओपन खिताब जीते हैं।

**02. देश में पहली बार किस अभयारण्य से काले हिरणों को बोमा तकनीक से शिफ्ट करने का सफल ट्रांसलोकेशन किया गया है?**

(a) गजनेर वन्यजीव अभयारण्य

(b) तालछापर अभयारण्य

(c) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

♦चूरू जिले के सुजानगढ़ में तालछापर अभयारण्य के काले हिरणों को अब नया घर मिला है। सुजानगढ़ शहर से सटे जसवंतगढ़ ताल में 450 हैक्टेयर में मिनी तालछापर अभयारण्य बना दिया है। यहां अभी तक 22 हिरण शिफ्ट भी कर दिए हैं।

♦100 हिरण यहां रखना प्रस्तावित हैं।

♦खास बात ये है कि देश में पहली बार काले हिरणों को बोमा तकनीक से शिफ्ट करने का सफल ट्रांसलोकेशन किया है। जंगल से जंगलजैसी पद्धति अपनाई गई।

♦इस तकनीक में सबसे पहले तालछापर में तालाब के पास एक सुरक्षित रेस्क्यू व्हीकल ट्रेलर लगाया गया। ट्रेलर में हिरणों के लिए उनकी पसंदीदा भोजन-चारा डाला।

**03. राजस्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कब से शुरू होगा?**

**(A) 24 जून से**

**(B) 29 जून से**

**(C) 30 जून से**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा की घोषणा की है।

♦यह पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभाग राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुँचाने का कार्य किया जाएगा।

♦यह पखवाड़ा प्रदेश के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के लिए जनता के कार्यों को प्राथमिकता देने का अवसर है। सभी विभागों को जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**04. राजस्थान कैडर के कितने आईएएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं देंगे?**

(a) 3

(b) 5

(c) 11

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान कैडर के 18 आईएएस अफसर पहले से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। ये अफसर केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। 3 और आईएएस अफसर अब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं।

♦इन अफसरों के नाम है आशुतोष पेडनेकर, भानु प्रकास एटरू और भगवती प्रसाद कलाल।

♦हाल ही में राज्य सरकार ने तीनों अफसरों को सेंट्रल डेपुटेशन पर जाने की अनुमति दी, जिन्हें अब रिलीव कर दिया गया है। । .

05. हाल ही में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किस राज्य की तर्ज़ पर पहली बार लैंड पूलिंग योजना शुरू की जाएगी?

(A) गुजरात

(B) हरियाणा

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा गुजरात की तर्ज पर प्रदेश में पहली बार विकसित की गई लैंड पूलिंग योजना में जल्द ही मूर्त रूप लेना शुरू करेगी और इसमें 18 एवं 24 मीटर चौड़ी सड़कों का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

♦इसके लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की दी है। इस योजना में किसानों को उनकी भूमि के मुआवजे के रूप में 45 प्रतिशत विकसित एवं व्यावसायिक भूमि दी जाएगी।

♦राजस्थान लैंड पूलिंग योजना अधिनियम 2016 के तहत राज्य की पहली लैंड पूलिंग योजना गुजरात की तर्ज पर शुरू होगी

06.राजस्थान के किस जिले में स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा पहला पंचगव्य पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया है?

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦देश का पहला पंचगव्य पीजी डिप्लोमा कोर्स डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा शुरू किया गया है?

♦डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय एवं गौ संवर्द्धन आश्रम, मोकलावास के संयुक्त तत्वावधान में देश का पहला पंचगव्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स शिक्षा सत्र 2025-26 में ही शुरू हो जाएगा।

♦ दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में स्टूडेंट्स को प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों से सामान्य व जटिल रोगों के उपचार की जानकारी दी जाएगी। कोर्स में पहले बैच में 30 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

**07.भारत के किस राज्य के सरकारी स्कूलों में हेल्थ क्लब का गठन किया जाएगा?**

(A) हरियाणा

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ राजस्थान शिक्षा विभाग ने एक और नवाचार किया है। प्रदेश के बच्चों को फास्ट फूड जंक फूड से दूर करने के लिए स्कूलों में जागरुकता प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है।

♦प्रदेश के बच्चों को अब फास्ट फूड से होने वाले दुष्प्रभावों के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सरकारी स्कूलों में हेल्थ क्लब का गठन किया जाएगा।

♦यह हेल्थ क्लब स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करेंगे। फास्ट फूड से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी देगा।

♦15 सदस्यों को किया जाएगा हैल्थ क्लब में शामिल।

♦1 शिक्षक को नियुक्त किया जाएगा नोडल अधिकारी।

08.एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड ने माही-बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट में कितने परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की मंजूरी दी है?

(a) 2

(b) 7

(c) 4

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦एटॉमिक एनर्जी रिगुलेटरी बोर्ड (एईआरबी) ने माही-बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट में 4 परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की मंजूरी दी

♦ इस परियोजना को लेकर सरकार और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) पहले ही योजना बना चुकी है।

♦ मंजूरी मिलने के बाद अब यह भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। बांसवाड़ा साइट राजस्थान की दूसरी न्यूक्लियर साइट होगी।

♦ इसमें 700 मेगावाट के 4 परमाणु रिएक्टर स्थापित होंगे। अगले 10 साल में यहां 2800 मेगावाट बिजली बनने लगेगी।

09. हाल ही में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC 2025) का खिताब किसने जीता है?

(a) साउथ अफ्रीका

(b) भारत

(c) ऑस्ट्रेलिया

(d) इनमें से कोई नहीं



**Important Facts:**

♦टेम्बा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद जीता ICC खिताब

♦इंग्लैंड के ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर साउथ अफ्रीका की टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC 2025) के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ख़िताब अपने नाम किया है।

♦गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की।

♦डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 साउथ अफ्रीका का तीसरा आईसीसी फाइनल था। उसने 1998 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। तब इसे विल्स इंटरनेशनल कप के नाम से जाना जाता था।

10. हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख में विश्व कप निशानेबाजी में भारत की सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कौनसा पदक जीता ?



(a) स्वर्ण पदक

(b) रजत पदक

(c) कांस्य पदक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦भारत की सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

♦जर्मनी के म्यूनिख में विश्व कप निशानेबाजी में, हरियाणा की निशानेबाज सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता है।

♦विश्व कप में सुरुचि का इस स्पर्धा में यह लगातार तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजस्थान के किस जिले में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा?**

(a) उदयपुर

(b) जोधपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine